# MP Board Class 8th Social Science Solutions Chapter 14 उत्तर अमेरिका का आर्थिक स्वरूप

प्रश्न 1.
निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए –
(1) किस फसल के लिए प्रेयरी के मैदान को संसार की रोटी की डलिया' कहा जाता है ?
(क) चावल
(ख) मक्का
(ग) गेहूँ
(घ) जौ।
उत्तर:
(ग) गेहूँ

(2) निम्न में से कौन-सा नगर मोटर कार निर्माण के लिए विख्यात है ?
(क) शिकागो
(ख) डेट्राइट
(ग) पिट्सबर्ग
(घ) न्यूयार्क।
उत्तर:
(ख) डेट्राइट।

प्रश्न 2.
रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –
(1) ............. द्वीप के आस-पास बहुतायत से मछलियाँ – पकड़ी जाती हैं।
(2) .............. को भट्टियों का नगर कहा जाता है।
(3) जनसंख्या की दृष्टि से ........... सिटी स्पैनिशभाषी जनसंख्या वाला विश्व का सबसे बड़ा नगर है।
उत्तर:

1. न्यू फाउन्डलैण्ड
2. पिट्सबर्ग
3. मैक्सिको।

### अति लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 3.
(1) कनाडा में वनों पर आधारित उद्योग कौन-कौन से हैं ?
उत्तर:
कागज उद्योग, लुग्दी उद्योग, फर्नीचर उद्योग व समूर उद्योग आदि कनाडा में वनों पर आधारित उद्योग हैं।

(2) उत्तर अमेरिका में फसलों की तीन पेटियों के नाम लिखिए।
उत्तर:

- प्रेयरी के मैदान-‘गेहूँ की पेटी’।
- संयुक्त राज्य का मध्यवर्ती भाग-‘मक्का की पेटी’।
- संयुक्त राज्य का दक्षिणी पूर्वी भाग-‘कपास की पेटी’।

(3) उत्तर अमेरिका के किस भाग में जनसंख्या अधिक
उत्तर:
उत्तर अमेरिका के उत्तर पूर्वी भाग तथा ग्रेट लेक्स के आस-पास के भाग में जनसंख्या अधिक है।

(4) क्यूबा को शक्कर का घर’ क्यों कहा जाता है ?
उत्तर:
विपुल उत्पादन और अधिक मात्रा में शक्कर की प्राप्ति के कारण क्यूबा को ‘शक्कर का घर’ कहा जाता है।

## लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 4.
(1) उत्तर अमेरिका के तीन प्रमुख महाद्वीपीय रेलमार्गों के नाम प्रारम्भ व अन्त के स्टेशन सहित लिखिये।
उत्तर:

- केनेडियन पेसिफिक रेलमार्ग-हेलिफेक्स से वेनकुवर तक।
- यूनियन एण्ड सेन्ट्रल पेसिफिक रेलमार्ग-न्यूयार्क से सेन फ्रांसिस्को तक।
- दक्षिण पेसिफिक रेलमार्ग-न्यूयार्क से लॉस एन्जिल्स तक।

(2) कनाडा के प्रमुख उद्योगों के नाम उनके केन्द्रों सहित लिखिए।
उत्तर:

- ओटावा – लुग्दी उद्योग, कागज उद्योग व अस्त्र-शस्त्र उद्योग।
- मॉन्ट्रियल – लोहा इस्पात उद्योग, कागज उद्योग व जलयान निर्माण उद्योग।
- वेनकुवर – खनिज तेल शोधन उद्योग व मछली पालन उद्योग।
- विनिपेग – कागज उद्योग, लुग्दी उद्योग व खनिज तेल शोधन उद्योग।
- टोरन्टो – लोहा इस्पात उद्योग, कपड़ा उद्योग व कागज उद्योग।

(3) संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रमुख उद्योगों और उनके केन्द्रों के नाम लिखिए।
उत्तर:
फिल्म उद्योग व मछली पालन उद्योग (लॉस एन्जिलिस), परिवहन उद्योग व हवाई जहाज निर्माण उद्योग (न्यूयार्क), लोहा इस्पात उद्योग व माँस उद्योग (शिकागो), लोहा इस्पात उद्योग व धातु प्रगलन उद्योग (पिट्सबर्ग), खनिज तेल शोधन उद्योग, रासायनिक उद्योग व मशीन उद्योग (वाशिंगटन डीसी), मोटर निर्माण उद्योग (डेट्राइट)।

(4) उत्तर अमेरिका में परिवहन के साधन कौन-कौनसे हैं ? उनका विस्तार कहाँ तक है?
उत्तर:
प्रमुख परिवहन के साधन निम्न प्रकार से हैं –

https://www.evidyarthi.in/

1. रेलमार्ग – यहाँ के तीन प्रमुख अन्तर्महाद्वीपीय रेलमार्ग हैं –
    - केनेडियन पेसिफिक रेलमार्ग-हेलिफेक्स से वनकुवर तक।
    - यूनियन एण्ड सेन्ट्रल पेसिफिक रेलमार्ग-न्यूयार्क से सेन फ्रांसिस्को तक।
    - दक्षिण पेसिफिक रेलमार्ग-न्यूयार्क से लॉस एन्जिलिस तक।
2. वायुमार्ग – महाद्वीप में अन्तर्देशीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय वायुमार्ग बड़े पैमाने पर विकसित हैं जहाँ से सम्पूर्ण विश्व को जोड़ा जा सकता है।
3. जलमार्ग – पाँच झीलों के समूह, सेंट लारेन्स और मिसीसीपी नदियों और तटीय भागों के जल परिवहन का प्रचुर विकास हुआ है जहाँ शेष विश्व से जोड़ने वाले अन्तर्राष्ट्रीय बन्दरगाह हैं।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 5.
(1) उत्तर अमेरिका में कृषि की उन्नति के क्या कारण हैं?
उत्तर:
यहाँ मध्यवर्ती प्रेयरी के मैदान एवं नदी घाटियों में कृषि की जाती है तथा उन्नत कृषि के निम्न कारण हैं –

- खेतों का आकार बहुत बड़ा है।
- कृषि कार्य में बड़ी-बड़ी मशीनों का उपयोग किया जाता है।
- कृषि में नवीन वैज्ञानिक विधियाँ अपनाई जाती हैं।
- कुछ विशेष फसलों के लिए विशेष क्षेत्र निर्धारित हैं।

महाद्वीप का विस्तार अधिक होने के कारण यहाँ विविध प्रकार की मिट्टियाँ और जलवायु दशाएँ पाई जाती हैं।

(2) उत्तर अमेरिका के पूर्वी भाग में अधिक जनसंख्या होने के मुख्य कारण लिखिए।
उत्तर:
उत्तर अमेरिका के पूर्वी भाग में अधिक जनसंख्या होने के प्रमुख कारण इस प्रकार हैं –

- पूर्वी भाग में जलवायु मानव विकास के लिए अधिक अनुकूल है।
- इस क्षेत्र में खनिज आदि प्रचुरता से उपलब्ध हैं।
- यूरोप महाद्वीप इस क्षेत्र के अधिक निकट है।
- उत्तर अमेरिका के अधिकांश उद्योग इसी क्षेत्र में स्थापित हैं।
- इस क्षेत्र में यातायात के साधनों का विकास भी अधिक हुआ है और जीवनयापन की सुविधाएँ पर्याप्त मात्रा में सुलभ हैं।

(3) प्राकृतिक संसाधनों ने उत्तर अमेरिका को बहुत धनी बनाया है, कारण सहित वर्णन कीजिए।
उत्तर:
उत्तर अमेरिका के विकास में सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण योगदान वहाँ के प्राकृतिक संसाधनों का रहा है जिनका कारण सहित वर्णन इस प्रकार है –
1. कृषि संसाधन – उत्तर अमेरिका की अर्थव्यवस्था में कृषि की महती भूमिका है। यह महाद्वीप कई कृषि उत्पादनों में संसार में अग्रणी है। यहाँ अनेक प्रकार की फसलें उगाई जाती हैं जो इसकी सम्पन्नता का प्रमुख कारण है।

2. वन संसाधन – वन प्रकृति के अमूल्य उपहार हैं। उत्तर अमेरिका में विविध प्रकार के वन विशाल क्षेत्र में फैले हुए हैं। कागज उद्योग, लुग्दी उद्योग, फर्नीचर उद्योग, समूर उद्योग वनों से सम्बन्धित महत्वपूर्ण उद्योग हैं। घास के मैदानों में पशु पाले जाते हैं जो इसे अग्रणी बनाते हैं।

3. खनिज और ऊर्जा संसाधन – उत्तर अमेरिका खनिज संसाधनों में अति समृद्ध महाद्वीप है। यहाँ संसार का लगभग 32 प्रतिशत जस्ता, 27 प्रतिशत कोयला, 25 प्रतिशत से अधिक पेट्रोलियम निकाला जाता है। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि सभी प्रकार के प्राकृतिक संसाधनों के प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होने एवं उनके अधिकाधिक दोहन ने उत्तर अमेरिका को बहुत धनी बनाया है।

(4) क्या कारण है कि उत्तर अमेरिका इतना उन्नत महाद्वीप बन गया है?
उत्तर:
भरपूर प्राकृतिक संसाधनों एवं उच्च तकनीकी ज्ञान के आधार पर वर्तमान समय में उत्तर अमेरिका सर्वाधिक सम्पन्न और उन्नत महाद्वीप बन गया है। इसके अन्य प्रमुख कारण इस प्रकार हैं –

- कृषि संसाधन – (उत्तर संख्या 3 (दीर्घ उत्तरीय) के अनुसार)
- वन संसाधन – (उत्तर संख्या 3 (दीर्घ उत्तरीय) के अनुसार)
- खनिज और ऊर्जा संसाधन – (उत्तर संख्या 3 (दीर्घ उत्तरीय) के अनुसार)
- उद्योग – औद्योगिक दृष्टि से उत्तर अमेरिका विश्व में सबसे अग्रणी महाद्वीप है।


यहाँ प्राकृतिक साधनों का भरपूर दोहन हुआ है। यहाँ पर्याप्त मात्रा में पाये जाने वाले कच्चे माल के अलावा कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस और जल विद्युत् का पर्याप्त विकास हुआ है। परिवहन के साधन – उत्तर अमेरिका महाद्वीप में परिवहन के साधनों का सर्वाधिक विकास हुआ है। यहाँ मार्गों तथा रेलमार्गों का सघन जाल है। तटीय और अन्तःस्थलीय जलमार्ग भार परिवहन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

मानचित्र कौशल:
प्रश्न 6.
उत्तर अमेरिका के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए

1. पनामा नहर
2. ओटावा
3. प्रेयरी का मैदान
4. न्यू फाउण्डलैण्ड
5. सेन फ्रांसिस्को
6. केनेडियन पेसिफिक रेलमार्ग
7. मैक्सिको सिटी
8. संयुक्त राज्य अमेरिका की राजधानी।

उत्तर:

https://www.evidyarthi.in/


उत्तर अमेरिका
ग्रीनलैण्ड
10
8
लेब्रेडोर जलधारा
न्यू फाउण्डलैण्ड
हडसन की खाड़ी 4
लेब्रेडोर का पठार
7
सेंट लारेंस 2
10
रॉकी पर्वत
1
विनिपेग
3
महान झील
3
प्रेयरी का मैदान
5
एरीजोना मरुस्थल
6
1
अप्लेशियन पर्वत
8
गल्फस्ट्रीम जलधारा
कोलोरेडो नदियाँ
2
मिसीसिपी
2
पश्चिमी द्वीप समूह
10
कर्क रेखा
9
4
मैक्सिको की खाड़ी 4
कैलिफोर्निया की खाड़ी